**खबर संक्षेप**

## 1 मई को विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**शहडोल।** कार्यपालन अभियंता मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र वितरण विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड शहडोल ने जानकारी दी है कि म.प्र.विद्युत वितरण कंपनी लिमि. शहडोल के अंतर्गत 33 के.व्ही. न्यू जयसिंहनगर एवं ओल्ड जयसिंहनगर फीडर में एवं 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र गोहपारू, चुहिरी, खन्नौधी, सीधी में सुधार कार्य एवं रख-रखाव हेतु आने वाले निम्न उपकेन्द्रों से निकलने वाले सभी 11 के.व्ही. फीडर 01 मई की सुबह 07 बजे से सुबह 11 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि आवश्यकतानुसार समय घटाया एवं बढ़ाया जा सकता है। उपरोक्त कार्य के दौरान गोहपारू, चुहिरी, सीधी, वनसुकली, रसमोहनी दियापीपर एवं करूआ के आसपास के ग्रामों की विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा।

## 13 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार



**शहडोल।** अमलाई थाना क्षेत्रांर्गत 29 अपै्रल को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कई वर्षों से फरार भारत कुमार पाठक पिता रामगोपाल पाठक निवासी मझगवां, थाना सभापुर, जिला सतना जिस पर रोड एक्सीडेंट के मामले में अपराध पंजीबद्ध है जोकि 13 वर्ष से फरार है, रुंगटा कॉलोनी में आया है एवं अपने संबंधियों के यहां पर रुका हुआ है, सूचना पर अमलाई पुलिस द्वारा तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए सूचना स्थान पर रवाना होकर दबिश दी गई, आरोपी भरत कुमार पाठक को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई जय प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक गणेश पाण्डेय एवं आरक्षक गुलाब सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## 13 स्थानों पर 80 लीटर अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 2 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 13 स्थानों पर दबिश देकर कुल 80 लीटर कच्ची अवैध कच्ची शराब जप्त की गई।

## 209 वाहन चालकों से वसूले शुल्क

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 28 अपै्रल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 209 चालानों में 85.000 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया, कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

## लापता व्यापारी का नहीं मिला सुराग

**सतना।** विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधि मण्डल चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता से मुलाकात की। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि व्यापारी प्रकाश लालवानी उम्र 44 वर्ष 10अप्रैल को रात्रि 7:30 बजे मोटर साइकिल क्र. एमपी 19 जेड एफ 7627 से निकले थे। जिसके बाद वह आज दिनांक तक घर नहीं लौटे। इस सम्बन्ध में व अन्य महत्वपूर्ण विषयों से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन देते हुए कह कि व्यापारी को खोजने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से उखड़े व्यापारी, जेसीबी पर चढ़े

शहडोल

सब्जी मण्डी का अतिक्रमण हटाने पहुंची नगरपालिका को उस समय अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ा जब मण्डी के अक्खड़ व धृष्ट व्यापारियों ने कार्रवाई का विरोध कर नगरपालिका का कार्य प्रभावित करने का प्रयास किया। इस पर नगरपालिका अधिकारी को कोतवाली पुलिस में संबंधित व्यापारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग करनी पड़ी। ऐसे व्यापारी नगरपालिका की भूमि का अतिक्रमण कर पैसा बटोरने के आदी हो चुके हैं। वर्षों से इनकी बड़ी दूकाने व प्रतिष्ठान इसी तरह संचालित हैं जो आज लाखों का कारोबार कर रहे हैं। इन्हे ही नगरपालिका की कार्रवाई से सबसे अधिक दर्द हुआ और विरोध करने कूद पड़े। वर्षों से व्यापारी कब्जा किए बैठे हैं और नगरपालिका के कर्मचारी आकर उनसे अपने आर्थिक समीकरण बनाते रहे हैं। व्यापारियों के दुस्साहसी होने का एक बड़ा कारण यह भी रहा है। अगर नियमानुसार समय समय पर कार्रवाई होती रहती तो आज व्यापारी नपा के सामने अपनी अस्तीन न चढ़ाते।



सीएमओ नपा ने दर्ज कराई रिपोर्ट, नगरपालिका का अभियान शुरू

### गांधी चौक गल्लामण्डी रोड पर कार्रवाई

नगरपालिका ने सोमवार को न्यू गांधी चौक से गल्ला मण्डी रोड पर अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रारंभ किया था। उसी दौरान इस रोड पर वर्षों से अपनी दूकाने और प्रतिष्ठान संचालित करने वाले व्यापारियों को आपत्ति हुई। क्योंकि जितने दायरे पर उन्हे दूकान दी गई है उससे अधिक वे मुफ्त में बाहर काउंटर अथवा सामान रखकर माल बेच रहे हैं। फुटपाथ और नाली के ऊपर का हिस्सा इनके बोर्ड, व सामानों से भरे हुए हैं। आदमी को पैदल चलने की भी जगह नहीं मिल पा रही है। इनके नाजायज फैलाव के कारण सड़क संकरी हो गई है और आवाजाही में परेशानी हो रही है। इस संबंध में नगरपालिका ने फरवरी माह में नोटिस जारी किया था। अतिक्रमण हटने पर ऐसे व्यापारियों को तकलीफ हुई और वे लड़ने पर उतारू हो गए।

### कोतवाली में हुई रिपोर्ट

सीएमओ नगरपालिका ने थाना प्रभारी कोतवाली के समक्ष रिपोर्ट करते हुए लेख किया है कि सब्जी मण्डी के व्यापारियों ने नाली के ऊपर शेड बनाकर अतिक्रमण किया है जहां सामान रखकर बेचा जाता है। लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान अनिल गुप्ता आदर्श किराना स्टोर्स, ओमप्रकाश गुप्ता अनिल किराना स्टोर्स, पवन गुप्ता, आनंद डेयरी के संचालक बालकृष्ण गुप्ता, अमित गुप्ता के द्वारा कार्य में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। अनिल किराना स्टोर्स के तीनो भाइयों ने शेड के ऊपर खड़े होकर जेसीबी मशीन पर चढ़कर विरोध किया और अन्य दूकानदारों को भड़काया है। इनके इस कृत्य से कार्य में बाधा पहुंची है। इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाए।

### पुलिस बल नहीं था साथ

नगरपालिका अतिक्रमण हटाने तो पहुंच गयी लेकिन उसके साथ पुलिस बल नहीं था। इसलिए व्यापारियों को डंडे व लात खाने का भय नहीं था, और वे अपने आप को हीरो बनाते रहे। एक तो चोरी ऊपर से सीना जोरी का यह नजारा सब्जी मण्डी में देखने को मिला। नगरपालिका ने अगर पुलिस बल साथ लिया होता और प्रशासन के अधिकारी एसडीएम अथवा तहसीलदार साथ में होते तो शायद यह नौबत नहीं आती। नगरपालिका बेहतर ढंग से अतिक्रमण हटा पाती। नगरपालिका का अमला भी पूरे मन से अतिक्रमण हटाने का प्रयास नहीं करता है क्योंकि वह इन्ही व्यापारियों से रिश्वत खाता है। नगरपालिका साल दो साल में कभी अतिक्रमण हटाने की अपनी ड्यूटी पूरी कर चुप्पी साध लेती है।

### पंचायती मंदिर रोड में भी जाओ

अतिक्रमण हटाने का अभियान अक्सर गल्लामण्डी रोड पर ही चलता है जबकि पंचायती मंदिर रोड पर कभी कार्रवाई नहीं होती है। यहां भी कई जगह अतिक्रमण है लोगों ने अपनी दूकाने बढ़ाकर संचालित की हैं। वाहनों के निकलने की जगह नहीं मिलती है। नगरपालिका द्वारा यहां के व्यापारियों को भी नोटिस दी जानी चाहिए। मण्डी के अंदर कई जगह अनाधिकृत रूप से पक्के निर्माण किये गए हैं इन पक्के निर्माणों को भी तोड़ा जाए और अतिक्रमण हटाने का एक लम्बा अभियान चलाया जाए और इसमें पुलिस तथा प्रशासन की मदद ली जाए।

### ठेलों को हटाना जरूरी

रोड के किनारे सहकारी बैंक के सामने ठेलों की भरमार है। इनके कारण आवाजाही प्रभावित होती है। यही नहीं फल व सब्जी के इन ठेलों द्वारा आधी सड़क घेर ली जाती है। इन ठेला वालो द्वारा अभद्रता भी की जाती है और अश्लील शब्दों के साथ सामान बेचा जाता है। यह सभी ठेला वाले ग्राहकों से झगड़ा करने पर उतारू रहते हैं। बाइक सवार अगर अपनी गाड़ी साइड देने के लिए भी इनके ठेले के सामने आ जाते हैं तो इनके द्वारा गाली गलौच की जाती है।

## शराब पीने के बाद हुआ विवाद, कर दी हत्या

**शहडोल।** दोनों सहपाठियों ने शनिवार की रात एक साथ बैठकर शराब पी। इसके बाद दोनों के बीच विवाद हुआ और इतना बढ़ गया कि एक ने दूसरे को इतना पीटा कि उसका दम निकल गया। यह घटना देवलोंद थाना क्षेत्र के ग्राम गाड़ा की है। आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। देवलोद थाना प्रभारी डी. के. दाहिया ने बताया कि शनिवार की रात ग्राम गांड़ा निवास रामखेलावन सिंह गोड पुत्र बालकरण सिंह 60 वर्ष घर के सामने रहने वाले कामता सिंह गोड के साथ शराब पीने सूनसान स्थान पर चले गये, वहां दोनो ने शराब का सेवन किया। जब नशा चढ़ गया तो किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि लात व घूसों से उसने रामखेलावन सिंह गोंड की जमकर पिटाई कर दी। परिणाम स्वरूप उसके मुंह व नाक से काफी खून बहने लगा। मारपीट से घायल रामखेलावन किसी तरह गिरते पड़ते अपने घर पहुंचा जहां पर उसकी मौत हो गई। रामखेलावन के मौत की खबर परिजनो ने देवलोंद थाने की पुलिस को दिया, पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चिकित्सक ने बताया कि अत्यधिक चोंट लगने की वजह से रामखेलावन की मौत हुई है। जिस पर पुलिस गाड़ा पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई तो सच्चाई खुलकर सामने आ गई। पुलिस ने आनन-फानन में कामता सिंह गोड को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 302 का मामला कायम करके उसे सालाखों के पीछे भेज दिया है।

## जंगल में मिली अधेड़ की लाश

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के बोचरो गांव में 45 वर्षीय व्यक्ति का सोमवार को जंगल में शव मिला है। सोमवार की सुबह महुआ बिनने गए लोगों ने शव को देखकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात युवक लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति की लाश मिली है। शव के गले में गम्भीर चोट के निशान दिखाई दे रहें हैं। इसके अलावा शरीर के कई अन्य अंगों में भी काफी चोट के निशान है। पुलिस के अनुसार व्यक्ति किसी जंगली जानवर के हमले का शिकार हुआ है। जिससे उसकी मौत हो गयी। हालांकि पुलिस अन्य एंगल से भी मामले ह्यकी जांच कर रही है। वहीं व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है।



### आदम खोर बाघ का था मूवमेंट

बोचरो गांव में जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। बीते दिनों सीधी टाइगर रिजर्व की टीम ने तीन हाथियों की मदद से एक आदम खोर बाघ को रेस्व्यू किया था। उक्त क्षेत्र में काफी समय से इस आदम खोर बाघ का मूवमेंट बना हुआ था। वह कई लोगों को अपना शिकार भी बना चुका था।चुनाव में किया था ,बहिष्कार जब वन विभाग व स्थानीय थाना पुलिस को लगातार सूचना देने के बाद भी इस बाघ को पकड़ने कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया। तो बीते दिनों संपन्न हुए लोक सभा चुनाव के दौरान गांव के मतदान का बहिष्कार कर दिया था। काफी समझाइश के बाद लोगों ने इस शर्त पर मतदान किया था कि चुनाव के बाद इस आदम खोर बाघ को पकड़ने के लिए वन अमला आएगा। जिसके बाद बाघ का रेस्व्यू करने बीते दिवस वन विभाग की टीम यहां पहुंची थी।

## अधिकारी पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित हों : सीईओ

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में समस्त अधिकारी पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित हो। उन्होनें कहा कि कोई भी अधिकारी बिना जानकारी के बैठक में उपस्थित न हों यह सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एव समस्त तहसीलदार को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी कार्यालयों में लंबित नक्सा तरमीम के प्रकरणों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि अधिकारी स्वयं प्रकरणों को समझें एवं निराकरण करें। साथ ही उन्हानें सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को भी निर्देश दिए कि वे समस्त पेन्सनर्स के बैंक खातों का ईकेवाईसी कराएं जिससे पेन्सनर्स को आसानी से पेंन्शन की राशि मुहैया हो सके।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकरी जिला पंचायत राजेश जैन ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे बैगा बाहुल्य क्षेत्रों का विद्युतीकरण हेतु सर्वे करें एवं विद्युत से वंचित रह गए बस्तियों एवं ग्रामों में अति शीघ्र विद्युतीकरण करें। साथ ही उन्होनें कहा कि वे अपने कार्यों की प्रगति के बारे में भी कार्यालय को जानकारी प्रेषित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने समस्त संवितरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 अप्रैल तक माह अप्रैल का वेतन भुगतान जनरेट कर देयक बिल जिलो कोषालय अधिकारी के कार्यालय में प्रेषित करें।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एन्टोनियो एक्का, भागीरथी लहरे, जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिल पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जन परिषद का प्रतिनिधिमंडल संभाग आयुक्त से भेंट कर चर्चा की



**शहडोल।** अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जन परिषद शहडोल संभाग का एक प्रतिनिधिमंडल संभागीय अध्यक्ष एवं प्रांतीय सहसचिव सुभदीप खरे के नेतृत्व में संभाग आयुक्त से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट किया। साथ ही कई विषयों पर चर्चा की गई जिसमें मुख्य रूप जिले में निर्मित स्टाफ डेम, स्वास्थ्य विभाग में अटैचमेंट की प्रक्रिया, पर्यावरण प्रदूषण, रेडक्रॉस सोसाइटी से संबंधित कई विषयों पर चर्चा की गई, साथ ही पदाधिकारियों द्वारा आयुक्त का नगर में बन रही रोड के कारण समस्या हल होने पर आभार व्यक्त किया गया। आयुक्त ने संभाग के साथ जिले के विकास में हर्ष संभव प्रयासरत रहने की बात कही, साथ ही श्री खरे ने जन परिषद के बारे में आयुक्त को विधिवत जानकारी दी। इस अवसर पर संतोष चौबे, अशोक गुप्ता एडवोकेट, गोपाल शर्मा समाजसेवी, संजीव निगम मौजूद रहे।

## जेसीबी की ताबड़तोड़ खुदाई से टूटे सोहागपुर के ढाई सौ नल

**शहडोल।** नगरपालिका की गैरनियोजित खुदाई पद्धति के कारण कभी कभी लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। खासतौर पर तब जबकि बस्तियों में नगरपालिका का कोई निर्माण कार्य चलता है। नगरपालिका की इसी खामी के चलते पिछले दिनो सोहागपुर की लगभग 10 हजार की जनसंख्या पेयजल से वंचित हुई और यहां पानी की त्राहि-त्राहि मच गई। लोगों ने सोहागपुर में निवासरत चेयरमैन घनश्याम जयसवाल से इसकी शिकायत की। उन्होने शीघ्र व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया। ज्ञातव्य है कि सोहागपुर गढ़ी रोड में नाला निर्माण का काम चल रहा है। जिसकी अंधाधुंध खुदाई के कारण लगभग 250 नल कनेक्शन जेसीबी की भेंट चढ़ गए। इसके अलावा पानी सप्लाई की मेन लाइन भी टूट गई। जब वाटर सप्लाई ठप्प हो गई तो लोगों में हड़कम्प मच गई। गर्मी के इस मौसम में लोगों को हैण्डपंपों का सहारा लेना पड़ा।



### इस तरह हुई खुदाई

नाला निर्माण के नाम पर जमीन की जेसीबी से ताबड़तोड़ खुदाई कराई गई। जिससे यहां की सघन बस्तियों में लगे ढाई सौ से भी अधिक नल चरमराकर टूट गए। इस पर लोग आक्रोशित हो उठे। कुछ देर के लिए काम रोकना पड़ा। उधर मेन लाइन भी इसी तरह तोड़ दी गई थी। ज्ञातव्य है कि जब बस्ती में जेसीबी चली तब उसके साथ मुआयना करने कोई अधिकारी उपस्थित नहीं था। जेसीबी चालक ने खुदाई का कार्य नहीं रोका और पाइपें टूटती चली गईं। लोगों का कहना है कि बस्तियों के अंदर जेसीबी का कार्य नियोजित ढंग से होना चाहिए। ताकि जरूरी नागरिक सुविधाएं प्रभावित नहीं हों।

### हैण्डपंपों में लगी भीड़

गढ़ी रोड की वाटर सप्लाई ठप्प हो जाने से लोगों को आसपास के हैण्डपंपो में भीड़ लगानी पड़ी और दूर दराज से पानी ढो लाकर लाना पड़ा। लोग बूंद बूंद पानी को तरसते रहे। इस पर कई लोगों ने सीधे चेयरमैन से बातचीत की उन्होने शीघ्र व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। दूसरी ओर नगरपालिका का कहना था कि बस्ती में गंदे पानी की निकासी के लिए तथा बरसाती पानी की निकासी के लिए नाला बनवाना जरूरी है। इसलिए काम चालू कराया गया। लेकिन जेसीबी चलने के दौरान चूंकि पाइपें बीच आ गईं इसलिए उन्हे बचाया नहीं जा सका।

### शुरू हुआ मरम्मत का काम

चूंकि पाइपों के टूट जाने से पूरी गढ़ी रोड बस्ती की वाटर सप्लाई ठप्प हो गई थी। इसलिए ताबड़तोड़ काम लगवाना पड़ा और सुधार कार्य शुरू कराना पड़ा। बताया गया कि यहां दर्जनों कनेक्शन ऐसे थे जो अभी एक दो वर्ष के अंतराल में हुए थे। इन्हे भी क्षति उठानी पड़ी। सुधार कार्य के दौरान कुछ तो सुधार दिए गए और कई उसी तरह बिगड़े पड़े हैं। गर्मी के इस मौसम में लोगों को अनावश्यक रूप से पानी की असुविधा का सामना करना पड़ा है। जो कि जेसीबी की ताबड़तोड़ खुदाई का नतीजा रही। पहले से लोगों को कुछ भी सूचित भी नहीं किया गया था।

### नहीं पहुंचा टैंकर

लोगों को पानी के लिए टैंकर का आश्वासन दिया गया था। लेकिन पूरा दिन बीत जाने के बाद भी यहां पानी का टैंकर नहीं पहुंचा। जबकि यहां दो टैंकर दिए जाने का आश्वासन दिया गया था। क्रुद्ध जनता ने नगरपालिका की गैरजिम्मेदाराना कार्रवाई बताते हुए कहा कि जनता को जानबूझ कर परेशान किया गया है। अगर यहां कुछ हैण्डपंप चालू हालत में नहीं होते तो लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता।

## हत्या को आत्महत्या में तब्दील करने का मृतक के भाई के लगाया आरोप

**कमिश्नर, पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस महानिरीक्षक ने लगाई न्याय की गुहार**



**शहडोल।** जिला अंतर्गत जयसिंहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमझोर निवासी रोहित सिंह कंवर ने आरोप लगाते हुए 10 अप्रैल को अपने भाई की मृत्यु को हत्या करार देते हुए पुलिस थाना जयसिंहनगर के अधिकारी संतोष मिश्रा के ऊपर हत्या को आत्महत्या में बदलने का आरोप लगाते हुए आज 29 अप्रैल को संभागीय मुख्यालय आकर एक लिखित आवेदन संभाग आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को देते हुए निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मामले पर विवेचना कर रहे अधिकारी संतोष मिश्रा पर कार्रवाई की मांग की है। फरियादी ने आवेदन में आरोप लगाया है कि घटना दिनांक को थाने में रिपोर्ट दर्ज करने गया, जहां पर अभद्र एवं अमर्यादित व्यवहार के साथ संतोष मिश्रा द्वारा गाली-गलौज करते हुए यह कहा गया कि तुम लोगों ने मार कर फांसी में लटका दिया है और उल्टा रिपोर्ट करने चले आए हो, फरियादी ने यह भी कहा कि हमारे द्वारा रिपोर्ट में टीरु बैगा पर शंका जाहिर की गई थी, लेकिन उनके द्वारा उक्त व्यक्ति के घर का निरीक्षण नहीं किया गया, मृतक के भाई-पिता एवं परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि फरियादी के मृतक भाई के हत्या की निष्पक्ष जांच कराई जाकर, हत्यारे को सलाखों के पीछे डाला जाए, जिससे हमारे मृतक भाई को न्याय मिल सके।

## किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में अधिवक्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**शहडोल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश महेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती कुमुदिनी पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को किशोर न्याय अधिनियम 2015 पर अधिवक्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती कुमुदिनी पटेल ने कहा कि किसी भी देश का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि उसके बच्चों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है, इसलिए यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी बन जाती है कि हम बच्चों का मार्गदर्शन करें और संवेदनशील तरीके से उनकी सुरक्षा के लिए काम करें। बच्चों से जुड़े मुद्दे स्वभाव से बहुत संवेदनशील होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अधिवक्ताओं को बच्चों के साथ अपने ग्राहक के रूप में नहीं, बल्कि देश के भविष्य के रूप में व्यवहार करने की आवश्यकता है। बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए बार का सक्रिय समर्थन बहुत आवश्यक है।



इस कार्यक्रम में उपस्थित पैनल लॉयर्स एबाल कल्याण अधिकारीगण, जिला बाल संरक्षण अधिकारियों, बाल गृह अधीक्षक एवं अधीक्षिका को किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला बालक संरक्षण अधिकारी, बाल संरक्षण अधिकारी एवम परिवीक्षा अधिकारी, अधीक्षक बाल गृह के कर्तव्यों व दायित्व के संबंध में जानकारी देकर उन्हें निष्ठापूर्ण अधिनियम के प्रावधानों के तहत निभाने के लिये प्रेरित किया गया। जिला संरक्षण अधिकारी द्वारा इस क्षेत्र में प्रचलित बच्चों के दागने की घटना के संबंध में ध्यान आकर्षित किया गया जिसके संबंध में सचिव द्वारा बताया गया कि बच्चों को दागना धारा 75 के अंतर्गत दंडनीय है जिसमें सजा क्रमशः 3 वर्ष, 05 वर्ष एवं 10 वर्ष के कारावास तथा 5 लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। कार्यक्रम में 16 से 18 वर्ष के बच्चों के द्वारा जघन्य अपराध किए जाने पर किशोर न्याय बोर्ड व बालक न्यायालय की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत प्रक्रिया की जानकारी दी गई।



## खबर संक्षेप

### नलकूप खनन पर प्रतिबंध

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने पेयजल परीरक्षण संशोधित अधिनियम के तहत उमरिया जिले को पेयजल अभाव क्षेत्र घोषित किया है । जिले मे पर्याप्त पेयजल आपूर्ति बनाये रखने हेतु अधिनियम की धारा के अनुसार जिले की सीमा मे किसी भी प्रकार के प्रयोग हेतु नलकूप खनन एवं समस्तर जल स्त्रोतो का उपयोग आगामी आदेश तक पेयजल हेतु छोड़कर अन्य कार्यो के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग एवं नगरीय क्षेत्र मे नगरीय निकाय पेयजल प्रयोजन के लिए नलकूप खनन कर सकते है, शेष सभी के लिए नलकूप खनन पूर्णतः आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किया है । जिले की सीमा मे आम इंसान, जानवरो के उपयोग के पेयजल स्त्रोतो का सिंचाई या अन्य प्रयोजन के लिए उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। किसी भी प्रकार से आम इंसान, जानवरो के उपयोग के पेयजल स्त्रोतो का उपयोग सिंचाई या अन्य प्रयोजन हेतु नही किया जाएगा। यह प्रतिबंध लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा पेयजल व्यवस्था हेतु खनन किए जाने वाले नलकूपो एवं पूर्व से सिंचाई के उपयोग हेतु निर्धारित स्त्रोतो पर लागू नही होगा।

### पेंशन अधिकारी के निधन पर कलेक्टर सहित अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि



**उमरिया।** जिला पेंशन कार्यालय उमरिया में जिला पेंशन अधिकारी के पद पर पदस्थ राजाराम लाडिया का आकस्मिक निधन हो गया। श्री लाडिया के आकस्मिक निधन होने पर कलेक्टर सभागार में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की उपस्थिति में मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया । इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ़ रीता डेहरिया, एसडीएम पाली टी आर नाग, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपिस्थत रहे।

### प्रतिष्ठानों में खाद्य विभाग की टीम कर रही कार्यवाही

**उमरिया।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा ने बताया कि जिले मे खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना की कार्यवाही निरंतर जारी है। कार्यवाही के दौरान बिरसिंहपुर पाली के प्रतिष्ठानो एवं होटलो की जांच की गई जिसमें वीनस होटल भोजनालय, गुरूनानक होटल भोजनालय, शहडोल रोड पाली, पटियाला ढाबा करकेली का निरीक्षण किया गया। प्रेम स्वीट्स भण्डार, मां विरासिनी बीकानेर स्वीट्स एण्ड नमकीन पाली, श्रीराम भंडार पाली से नमूना संग्रहण कार्य किया गया ।

### स्कूल के सामने खोला प्याऊ



**उमरिया।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के रवींद्र शुक्ला निर्देशन में नवांकुर संस्था जनहित मानव विकास सेवा संस्थान की ओर से लगातार 10 वर्ष से आपकी सेवा में तत्पर निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ रवींद्र शुक्ला जिला समन्वयक ने फीता काटकर किया। सभी राहगीरों एवं ग्रामीणजनों को सत्तू एवं गुड देकर शीतल जल प्रदान किया गया ।

### ..तो उपयंत्री के संरक्षण में पनप रहा पंचायत में भ्रष्टाचार

# चितराव पंचायत में निर्माण कार्य में हुआ बड़ा खेल

**ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में मनमाने तरीके से अनियमितता और अनुपयोगी कार्य कराके जहां सरकारी बजट को चूना लगाया जा रहा है, वहीं पंचायत प्रतिनिधि हर काम में कमाई के चक्कर में कायदे कानून ताक पर रखकर कायदे कानून के पालन से बेपरवाह हैं। उन्हें न जांच की चिंता है, न अधिकारियों का डर है।**

शहडोल।




जिले के जयसिंहनगर जनपद पंचायत की चितराव पंचायत में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना से हॉयर सेकेण्ड्री स्कूल शाला परिसर के लिए 24 लाख 87 हजार एवं 24 लाख 95 हजार की बाउण्ड्रीवाल 16 अगस्त 2022 को स्वीकृत हुई थी, लेकिन आज भी विभाग के पोर्टल पर निर्माणाधीन दिख रही है, इसके अलावा इन निर्माणों में वेण्डर के साथ मिलकर सचिव, सरपंच, उपयंत्री ने जमकर फर्जीवाड़ा किया है, पंचायत से जुड़े जानकारों की माने तो उक्त निर्माण का ठेका ऑफ रिकार्ड उपयंत्री द्वारा अपने चहेते वेण्डर को दिया गया था। निर्माण स्थल पर प्राक्कलन बोर्ड न होने के चलते योजना की जानकारी भी लोगों को नहीं मिल पाई, चर्चा है कि उक्त निर्माण में दोयम दर्जे की सामग्री का उपयोग पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा उपयंत्री के संरक्षण में किया है।

#### अनभिज्ञ उपयंत्री

ग्राम पंचायत चितराव में सरंपच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक की तिकड़ी का बेलगाम राज चल रहा है। ग्राम पंचायत चितराव में वर्ष 2022 से बाऊण्ड्रीवाल का निर्माण चल रहा है, लेकिन इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है, उपयंत्री के पास दर्जनों पंचायतों का प्रभार होने के चलते निर्माण स्थल पर कभी जाते नहीं है, घर बैठे निर्माण को ओके की हरीझण्डी दिखाई जा रही है, बाऊण्ड्रीवाल निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यो में उपयंत्री का तय कमीशन अब किसी से छुपा नहीं है, निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जब उपयंत्री से बात करने का प्रयास किया जाता है, उनके द्वारा समय न होने का हवाला दे दिया जाता है। इससे यह भी साफ होता है कि निर्माण के दौरान उपयंत्री निरीक्षण नहीं करते हैं।

#### सचिव अधिकारियों से ऊपर

ग्राम पंचायत चितराव में पदस्थ सचिव का कद उपयंत्री के संरक्षण के चलते अन्य अधिकारियों से ऊपर है, उपयंत्री स्वयं यह कहते गुरेज नहीं करते हैं कि पंचायत में निर्माण कार्य की जानकारी लेने के लिए जब सचिव से बात करने का प्रयास करते हैं तो, वह उनका फोन रिसीव नहीं करते, इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्थानीय लोगों को अपना कार्य कराने में कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता होगा। चितराव पंचायत में जब से सचिव राज कुमार गुप्ता की पदस्थापना हुई है, तब से भ्रष्टाचार ने अधिक मुंह फाड़ लिया है।

#### उपयंत्री जानकारी देने में करते हैं आना-कानी

ग्राम पंचायत चितराव में इन दिनों भ्रष्टाचार चरम पर है, देश व राज्य की सरकार जनता के द्वारा दिए गए टैक्स के पैसे से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए अच्छे उपयंत्री की नियुक्त करती है, लेकिन यही लोग जनता के टैक्स के पैसों को गुणवत्ता विहीन निर्माण करके पानी की तरह बहा देते हैं, योजना का प्राक्कलन इंजीनियर के द्वारा तैयार किया जाता है। इस्टीमेट के बारे में जानने का अधिकार हर व्यक्ति को है, लेकिन चितराव पंचायत में उपयंत्री से जानकारी मांगने पर टाल मटोल किया जाता है। बीते वर्षों में स्वीकृत हुई बाउण्ड्रीवॉल में शासकीय धन की होली उपयंत्री के संरक्षण में खेली जा रही है।

#### प्राक्कलन बोर्ड नदारद

विकास योजना की पारदर्शिता बनाने के लिए कार्य स्थल पर प्राक्कलन बोर्ड लगाने का प्रावधान है। कल्याणकारी योजनाओं में बड़े पैमाने पर कमीशन का खेल चलता है, खुद जिम्मेदार भी इसे स्वीकारते हैं। बीते वर्षो में जनपद में पदस्थ बाबू का ऑडियों की वॉयरल हुआ था, इसके अलावा कई बार जनपद सहित जिला पंचायत तक इसकी शिकायतें हो चुकी है, कमीशन के कारण चितराव पंचायत में घटिया स्तर पर निर्माण कार्य किया गया है, स्कूल की बाउण्ड्रीवाल से प्राक्कलन बोर्ड नदारद है, लेकिन जब उपयंत्री से इस बारे में चर्चा की जाती है तो, उनका कहना रहता है कि मैं सचिव से जानकारी लेकर बताता हूं। जागरूक लोगों ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से चितराव में बीते वर्षों में हुए निर्माण कार्यो की जांच कर कार्यवाही की जाये।



## प्राप्त पत्रों, न्यायालयीन प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें : कलेक्टर

उमरिया

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में जिला प्रमुख अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा के पत्रों, मानवाधिकार से प्राप्त शिकायतों, वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों, न्यायालयीन प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, जल जीवन मिशन तथा विद्युत विभाग नियमित रूप से अपने मैदानी क्षेत्रों का भ्रमण करके मैदानी अमले को क्रियाशील करें तथा पेयजल एवं विद्धुत संबंधी समस्याओं का समय पर निराकरण सुनिश्चित कराए। बैठक मे सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, एसडीएम पाली टी.आर. नाग, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## बच्चों को नियोजित करने पर नियोजकों के विरूद्ध होगी कार्यवाही : कलेक्टर

उमरिया ।



शासन द्वारा बाल श्रम कानून के तहत 14 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों के नियोजन पर प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला बाल श्रम समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब भी भ्रमण मे निकले तथा इस दौरान किसी भी संस्थान में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नियोजित पाए जाने पर जानकारी श्रम पदाधिकारी कार्यालय उमरिया को अनिवार्य रूप से दे। उन्होंने बताया कि इसी तरह 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों को खतरनाक उद्योगों में नियोजन नही करने का प्रावधान है। ऐसा करने पर अर्थदंड एवं सजा का भी प्रावधान है । उन्होने जिले के अभिभावको से अपील की है कि बच्चों के बचपन सजाने, संवारने के लिए उन्हें शिक्षित अवश्य करें, उन्हें किसी भी कार्य में नियोजित नही कराएं।

बैठक में श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले मे की जा रही कार्यवाही तथा श्रम कानूनो के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक मे सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, एसडीएम पाली टी. आर. नाग, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर हमेशा से मानव जाति के साथी पशुओं की सेवा रक्षा और देखभाल करने युवाओं ने लिया संकल्प

### मनुष्य-पशु पर्यावरण परस्पर निर्भरता से स्वास्थ्य सर्वधन पर गोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन

उमरिया।




विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर शासकीय पशु चिकित्सालय बिरसिंहपुर पाली के परिसर में पशु चिकित्सालय विस्तार अधिकारी डॉ. डी.पी द्विवेदी की उपस्थिति में जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया व पशु चिकित्सालय के समस्त अधिकारी व चिकित्सा के द्वारा विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर आयोजन कर शपथ ली गई। पशु चिकित्सालय विस्तार अधिकारी डॉ. डी.पी द्विवेदी ने जानकारी देते हुए कहा कि विश्व पशु चिकित्सा दिवस साल 2000 में पहली बार विश्व पशु चिकित्सा संघ द्वारा मनाया गया था. इस दिन का उद्देश्य दुनिया भर के पशु चिकित्सकों द्वारा किए गए जीवन रक्षक कार्यों को उजागर करने और उसे बढ़ावा देना है।

हिमांशु तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य चाहे मनुष्य का हो या पशु का वह समान रूप से एक दूसरे का प्रभावित करता आया है और करेगा भी वस्तुस्थिति यह है कि मनुष्य में उपत्ति अधिकतर रोग पशु जनति होते हैं जो कि किसी भी रूप में मानव आहार तंत्र के अन्दर प्रवेश करके बड़े रूप से परेशानी का कारण बन जाते है। अतः ऐसी स्थिति में एक पशुचिकित्सक की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाती है।पौराणिक काल से ही हमारी धरती पर मानव एवं पशुओं का एक पनिष्ठ सम्बन्ध रहा है साथ ही अलग-अलग समय पर मानव जाति को पशुओं से परस्पर संघर्ष के बारे में भी उल्लेख मिलता रहा है। तदुपरान्त मनुष्य के सेवा भाव एवं पशुओं का समर्पण एक जीवीकोपार्जन का माध्यम भी बना है। इस सेवा भाव एवं समर्पण को निरन्तरता बनाए रखने के लिए एक पशु चिकित्सक की भूमिका अहम होती है। गोष्ठी के अंतिम में उपस्थित लोगों ने पशु सेवा की संकल्प ली। इस दौरान अबीएफओ सुरेंद्र कुमार, लालन सिंह, उमेश चौतेल, एडवोकेट बीपी चतुर्वेदी, खुशी सेन, स्वाति सेन, श्रीराम तिवारी, कशिश सेन, राहुल सिंह, करिश्मा सेन व सभी उपस्थित रहे।

### नगर में बिक रहे अमानक पानी पाउच

## रुपए खर्च कर उपभोक्ता खरीद रहे बीमारियां

**कोतमा।** नगर के बस स्टैंड और बाजार वाले इलाके में अमानक पानी पाउचों की ज्यादा बिक्री, गांवों में भी खप रहा अमानक पानी ज्यादा मुनाफा के लिए दुकानदार भी अमानक पाउच की बिक्री पर देते हैं जोर जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे पीने के पानी का कारोबार भी बढ़ता जा रहा है। बढ़ते कारोबार को देखते हुए मुनाफा कमाने के लिए अमानक पानी पाउच बेचने वाले सक्रिय हो गए हैं। ऐसे में लोगों की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। गर्मी शुरू होते ही नगर के होटलों, किराना दुकान और छोटी बड़ी ठंडा की दुकानों पर स्थानीय स्तर पर तैयार किए जा रहे पानी के पाउचों की बिक्री तेज हो गई है। एक रुपए में बिकने वाले पाउच अब पांच रुपए में दो बेचे जा रहे हैं। पन्नी में बंद पानी कहने को तो आइएसआइ मार्का वाला फिल्टर पानी है, लेकिन हकीकत में यह पानी स्थानीय स्तर पर पैक किया जा रहा है।

#### न एक्सपायरी न निर्माण की तारीख

बाजार में मिलने वाले अधिकांश पानी पाउच में न तो पैकिंग तारीख अंकित होती है न एक्सपायरी डेट लिखी रहती है। यह पानी भले ही तात्कालिक रुप से लोगों के कंठ को तर कर राहत देने में मददगार साबित हो रहे हैं, लेकिन बाद में न जाने कितनी बीमारियों का कारण बन रही हैं। यह पानी पाउच खाद्य एवं औषधि विभाग से बिना अनुमति एवं नगरीय प्रशासन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराएं बिना ही बेचे जा रहे हैं। इन अधिकांश पाउचों में न तो वाटर प्लांट का पता लिखा है न ही इमेल पता होता है। फिर भी यह नकली पाउच बाजार में धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। ऐसे पानी के उपयोग से पीलिया, टाइफाइड, अल्माइजर आदि जैसी गंभीर बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है।



#### अधिक मुनाफा के लिए बिक्री

ब्रांडेड पानी पाउचों की तुलना में नगर में अमानक स्तर के बने पाउच काफी सस्ते दामों में दुकानदारों को बेचे जाते हैं। इसलिए दुकानदार अपने फायदे के चक्कर में लोगों को दूषित पानी पिलाकर स्वास्थ के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक ब्रांडेड कंपनी के पानी पाउच की पैकिंग में 100 पाउच रहते हैं। वह दुकानदार को 75 से 80 रुपए में मिलती है जबकि नकली पानी पाउच की बोरी, जिसमें 100 पाउच होते हैं, अधिकतम 40 से 45 रुपए में मिल जाते है।

#### बिक रहे देशी पाउच भी

पानी के पाउच प्लॉट पर मशीन के माध्यम से पैक करके बेचे जाते हैं, लेकिन वर्तमान में नगर में अनेक स्थानों पर घरों में पानी बनाकर बेचा जा रहा है। जिनमें बाजार में मिलने वाली सफेद पॉलीथिन को खरीदकर उसमें पानी भरकर धागा से बांध दिया जाता है और फ्रिज में रखकर उसी पानी को बेच दिया जाता है। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे देशी पाउच की बिक्री ज्यादा हो रही है।

#### आईएसआई मार्का का दुरुपयोग

आइएसआइ मार्का का गलत तरीके से प्रयोग हो रहा है, तभी बीआइएस विभाग इस संबंध में कार्रवाई करता है। जबकि बाजार में अमानक पानी पॉउच के संबंध में कार्रवाई का अधिकार प्रशासन व खाद्य और औषधि विभाग के जिम्मे होता है। इसके बावजूद विभाग द्वारा अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से नहीं निभाने के चलते नगरवासियों को सदैव बीमारियों का डर बना रहता है।

#### यह है पाउच बेचने के नियम

किसी भी कंपनी को पानी के पाउच निर्माण के लिए प्रशासन द्वारा जारी लाइसेंस की जरूरत होती है। वहीं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की अनुमति भी होना आवश्यक है।

### स्टेट लेवल कंपटीशन इंदौर में उमरिया के बच्चों ने लहराया अपना परचम

## मध्य प्रदेश में टॉप 10 के अन्दर मेरिट में उमरिया के विद्यार्थी



**उमरिया।** जिले में संचालित यूसीमास अबेकस मेंटल एंड अर्थमेटिक के 11 विद्यार्थियों ने इंदौर में हो रही स्टेट लेवल कंपटीशन में बच्चों ने 27 अप्रैल को भाग लिया। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 6000 विद्यार्थियों ने पार्टिसिपेट किया है। प्रीतियोगिता में गणित के जटिल प्रश्न जोड़, घटाना, गुणा वा भाग के प्रश्न का लिखित एक्जाम हुआ था। यूसीमास स्टेट लेवल कंपटीशन में विद्यार्थियों को मात्र 8 मिनिट में 200 प्रश्न सॉल्व करना था, जिसमें उमरिया जिले के बच्चों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। उमरिया जिले से संपूर्ण मध्यप्रदेश में टॉप 10 रैंक के अन्दर अनीश साहू, आदित्य प्रधान, दीपांशु कोरी वा आदित्य साहू ने मेरिट की ट्रॉफी वा सर्टिफिकेट अर्जित की। तथा टॉप 50 के अन्दर आनंदम चौधरी, श्रेष्ठ मान सिंह, लीन वाधवा, इशांत साहू वा अर्पित सिंह पेंड्राम ने कंसोलेशन की ट्रॉफी वा सर्टिफिकेट अर्जित की साथ ही अदव्य प्रकाश गौतम, शिवांस विश्वकर्मा ने पेरिटिसिपेशन सर्टिफिकेट अर्जित किए। उमरिया रेलवे स्टेशन में विनर विद्यार्थियों का गण्यमान्य नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। संस्था के डायरेक्टर इंजिनियर वसीम अकरम ने बताया कि 19 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहा। अब आगामी नेशनल कॉम्पिटिशन इंडिया लेवल के लिए चयनित विद्यार्थी अपना हुनर दिखाएंगे। हम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

## खबर संक्षेप

### कमिश्नर आज करेंगे पेयजल व्यवस्था की समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड 30 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से आयोजित गूगल मीट में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इसमें जल जीवन मिशन से पेयजल की आपूर्ति, हैण्डपंपों के सुधार की व्यवस्था तथा पेयजल परिवहन की समीक्षा की जायेगी। बैठक में संभाग के सभी जिलों के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुक्त नगर निगम, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन तथा पीएचई विभाग के अधिकारी शामिल रहेंगे।

### समर्थन मूल्य पर हुई 158204 क्विंटल गेहूं की खरीद

**रीवा** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में 29 अप्रैल तक 2646 किसानों से 1582024 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 379 करोड़ 69 लाख 10 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर तथा प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि उपार्जित गेंहू का भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 96655 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 43 करोड़ 6 हजार 533 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 5877 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। जिले में सहकारी समितियों के मध्याम से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अधिकतर खरीदी केन्द्र गोदाम स्तर पर बनाये गये हैं।

### श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय की एक और उपलब्धि

**रीवा** । श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के दन्त रोग विभाग के चिकित्सकों द्वारा विगत कई वर्षों से दाँतों के अलावा चेहरे एवं जबड़े की सर्जरी की जाती रही है, विभाग में विगत कुछ दिन पहले एक 18 वर्ष की महिला नीले वाले जबडे में सूजन के साथ कटनी से आई थी जाँच करने पर पता चला कि नीचे वाले जबडे में एमिलोब्लास्टोम ट्यूमर है। जिसके इलाज में आधा जबडा काट कर निकालना पड़ता है। चूँकि महिला अभी युवती थी, इसलिये उसका जबडा काट कर नकली जबडा लगाने का निर्णय लिया गया। पेशेंट स्पेसिफिक इम्पलांट, जो कि मरीज के जबड़े की प्रतिकृति होती है। यह तकनीक 1 वर्ष पहले ही भारत में आई है। इस शल्य क्रिया को विभाग की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, डॉ. गीता त्रिपाठी, डॉ. करूणा जिन्दवानी, डॉ. तौसीफ एवं डॉ. आकांक्षा द्वारा निश्चेतना विशेषज्ञों के सहयोग से की गयी। यह सर्जरी विन्ध्य क्षेत्र में पहली बार की गई है. इस सर्जरी के बाद बच्ची स्वस्थ्य है व उसकी छुट्टी कर दी गई है। कुछ महीने बाद उसके नकली जबड़े में नकली दाँत लगा दिये जायेंगे, जिससे वह खाना खा सकेगी। अभी तक विभाग के द्वारा दस हजार के ऊपर जबडे एवं चेहरे के फ्रेक्चर के केश किये जा चुके हैं, इसके अलावा चेहरे की अन्य बीमारियों जैसे विभिन्न प्रकार की गठानें, ट्यूमर व जबड़े के अकड़ने का भी इलाज करते जा रहे हैं। पहले इन सर्जरियों के लिए मरीज नागपुर, जबलपुर, भोपाल, इन्दौर आदि शहरों में जाते थे। दन्त रोग विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. गीता मिश्रा त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि पूरे मध्यप्रदेश में शासकीय डेन्टल कॉलेज इन्दौर के बाद सबसे ज्यादा जबडे एवं चेहरे की सर्जरी यहीं की जाती है। इस तरह की सर्जरी में बेहोशी, सर्जरी, ई.एन.टी. एवं मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों का भी अहम योगदान रहा है।

### वृद्धाश्रम एवं जेल का निरीक्षण

**रीवा** । राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनीटर श्री बालकृष्ण गोयल ने अपने रीवा जिले के प्रवास के दौरान वृद्धाश्रम एवं केन्द्रीय जेल का निरीक्षण किया। स्वागत भवन स्थित वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वृद्धजनों के आधार कार्ड होने तथा उन्हें मिल रही पेंशन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि वृद्धजनों के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक माह वृद्धाश्रम में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराएं ।

## खदान संचालन नहीं रहा अब आसान

# सोहागपुर मैनेजमेंट के छूट रहे पसीने

### चोरी के मामलों में पुलिस बनी है अंजान

बुढ़ार।

एसईसीएल सोहागपुर एरिया खैरहा थाना अंतर्गत दामिनी माइंस,खैरहा माइंस,और राजेंद्रा यूजी माइंस के अंदर लगी पंप की चोरी हो गई जिसका आज तक पता नहीं चला।






फिर वही अज्ञात चोरों के द्वारा दामिनी, राजेंद्रा माइंस में केवल चोरी की घटना का मामला प्रकाश में आई है चोरी को लेकर प्रबंधन इतना परेशान हो गए हैं की खदान चलाना अब मुश्किल होता जा रहा है।

खदानों से आए दिन हो रही चोरी। कबाड़ चोर खदानों में कीमती सामानों का चोरी का निशाना बनाते हैं। खदानों से अधिकतर केवल चोरी को चोरों के द्वारा अंजाम दिया जाता है क्योंकि केवल वायर के अंदर कॉपर होता है जिसे निकाल कर माला माल हो रहे हैं। प्रबंधन द्वारा चोरी की रिपोर्ट थाना में दिखने की तैयारी की जा रही थी।

### कबाड़ माफिया पर पुलिस नहीं ला पा रही अंकुश

कबाड़ माफिया पर भी पुलिस प्रशासन द्वारा अगर सख्ती से कार्यवाही की जाए तो खदानों से आए दिन चोरी से प्रबंधन को हो रही परेशानी व नुकसान से राष्ट्र की संपत्ति को बचाया जा सकता है । बताया जाता है कि अज्ञात चोरों के द्वारा समूह बनाकर घातक हथियारों से लैस होकर खदान के अंदर प्रवेश करते हैं उन्हें रोक पाना मुश्किल हो जाता है ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों डरा धमका हर दिन खदान में हजारो लाखो रूपए कि कीमती पाट्र्स केवल की चोरी होती है। खदानों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था बनाई गई है फिर भी खदानों से लगातार चोरी हो रही है खदानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी जिन्हें सौंपा गया है उनकी लापरवाही से चोरी हो रही है तो उनके पेमेंट से रिकवरी की जाए।

### उत्पादन पर भी पड़ रहा असर

राजेंद्रा, खैरहा माइंस, खैरहा थाना से लगा हुआ है फिर भी आए दिन खदान मे चोरी से कालरी प्रबंधन इतना परेशान हो गया कि चोरी के चलते महत्वपूर्ण कार्य ना होने के चलते कोयला उत्पादन प्रभावित हो रहा है आयें दिनों केवल ,कीमती आट्र्स चोरी से प्रबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है खदानों इस तरह आए दिन चोरी होने पर कोयला उत्पादन और टारगेट कैसे पूरा होगा,अगर चोरी पर अंकुश न लगा तो भविष्य मे खदान बंद करने की नौबत आ सकती है'' ?

### इनका कहना है

दामिनी, राजेंद्रा माइंस में चोरी की घटना पर प्रबंधन द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है संबंधित अधिकारी को चोरी के रिपोर्ट बनाकर देने को कहां गया है।

**राजेश खंपरिया**
**राजेंद्रा माइंस खान**
**प्रबंधक**



## हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपी, रीवा पुलिस के इनपुट पर भोपाल क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

रीवा।

जिले के सिविल लाइन थाना अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर के पास लगभग 6 माह पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर के पास बाइक सवार युवकों ने एक युवक के ऊपर देसी कट्टे से हमला कर जान से मारने का प्रयास किया था। इस मामले में पीड़ित द्वारा सिविल लाइन थाने में कुलदीप सिंह परिहार उर्फ लकी मेंटल व उसके अन्य साथियों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज करवाई गई थी। उसी समय से इस मामले का मुख्य आरोपी और लकी मेंटल फरार चल रहा था। जिसको लेकर रीवा पुलिस गंभीर थी । मामले की जांच में जुटे पुलिस दल द्वारा आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। जांच में जुटी टीम को सूचना मिली की हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी वर्तमान समय में प्रदेश की राजधानी भोपाल में रहकर फरारी काट रहा है और जीवको उपार्जन के लिए मछली बेचने का काम कर रहा है। रीवा की टीम द्वारा भोपाल क्राइम ब्रांच को इस मामले से अवगत कराया गया। जिसके उपरांत भोपाल क्राइम ब्रांच की टीम ने रीवा पुलिस दल द्वारा बताए गए।

## हत्या का पुलिस जयसिंहनगर पुलिस द्वारा आत्महत्या में तब्दील करने का आरोप

शहडोल।



जिले के अंतर्गत जयसिंहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमझोर निवासी रोहित सिंह कंवर ने आरोप लगाते हुए बीते 10 अप्रैल 2024 को अपने भाई की मृत्यु को हत्या करार देते हुए पुलिस थाना जयसिंहनगर के अधिकारी संतोष मिश्रा के ऊपर हत्या को आत्महत्या में बदलने का आरोप लगाते हुए 29 अप्रैल को शहडोल संभागीय मुख्यालय आकर एक लिखित आवेदन संभाग आयुक्त पुलिस महानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर को देते हुए निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मामले पर विवेचना कर रहे अधिकारी संतोष मिश्रा पर कार्रवाई की मांग की है फरियादी ने आवेदन में आरोप लगाया है कि घटना दिनांक को थाने में रिपोर्ट दर्ज करने गया जहां पर अभद्र एवं अमर्यादित व्यवहार के साथ संतोष मिश्रा द्वारा गाली गलौज करते हुए यह कहा गया कि तुम लोगों ने मार कर फांसी में लटका दिया है और उल्टा रिपोर्ट करने चले आए हो। फरियादी ने यह भी कहा कि हमारे द्वारा रिपोर्ट में टीरु बैगा पर शंका जाहिर की गई थी लेकिन उनके द्वारा उक्त व्यक्ति के घर का निरीक्षण नहीं किया गया मृतक के भाई पिता एवं परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि फरियादी के मृतक भाई के हत्या रोको निष्पक्ष जांच कराई जाकर सलाखों के पीछे डाला जाए जिससे हमारे मृतक भाई को इंसाफ मिल सके।

## मातृशक्ति को समर्पित ''सिन्धियत जो मेलो'' हुआ समापन

रीवा।



मातृशक्ति को समर्पित दो दिवसीय सिन्धियत जो मेलो का स्थानीय कृष्णा राजकपूर आडोटोरियम में सिन्धु यूथ विंग सामाजिक सांस्कृतिक संस्था रीवा द्वारा भव्यतापूर्ण आयोजन किया गया। जिसके समापन अवसर पर भजन गायिका लता लालवानी दिल्ली व बाल कलाकार हर्षल चंदवानी सिन्धु आइडियल राजस्थान ने अपनी मनमोहक भक्ति संगीत की प्रस्तुति देकर देर रात तक बैठने के लिए मजबूर कर दिया। आयो लाल झूलेलाल के भजनों में झूमते गाते श्रोतागण आन्दित होते रहे।

मेले के द्वितीय दिवस 29 अप्रेल को समाज के अध्यक्ष सरदार प्रहलाद सिंह ने भगवान श्री झूलेलाल जी की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेले में कटनी, सतना, मैहर एवं रीवा की महिलाओं द्वारा लघु एवं कुटीर उद्योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हस्तनिर्मित उत्पादों के स्टॉल लगाये जिनमें बरी, पापड़, अचार, बुटीक, केश सज्जा, छोटे बच्चों के कपड़े, स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल मुख्य रूप से रहे।मेला कार्यक्रम के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि सरदार प्रहलाद सिंह ने आयोजन के लिए सिन्धु यूथ विंग, रीवा के संस्थापक संरक्षक सचनि डूँडानी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेले के माध्यम से समाज में महिलाओं एवं बच्चों में एक नई उर्जा का संचार होगा। उन्होने कहा कि जब अलग-अलग स्थानों पर रहने वाले परिवार का एक साथ संगम होता है तो उनके विचारों के आदान प्रदान से मिलने जुलने से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है।

## नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

रीवा ।

जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए जा चुके हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में लागू है। आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जारी किया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं है इसलिए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है। जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेंहू काटने की अनुमति नही दी जायेगी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है। इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी 2017 के नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दण्ड आरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा भी फसल अवशेष अथवा नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने पर किसान पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश को पालन कराने के लिए उप संचालक कृषि को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला दण्डाधिकारी ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारी के साथ नरवाई जलाने की घटनाओं का प्रतिवेदन तैयार कर तहसीलदार को भेजने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों की सुनवाई करके एसडीएम के माध्यम से अंतिम निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

### विद्यार्थियों को कलेक्टर करेंगी सम्मानित

**रीवा** । माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह एक मई को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता ने सभी संबंधित संस्था प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि संबंधित विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी उक्त सम्मान समारोह में उपस्थित होना सुनिश्चित कराएं।

## नदी के घाटों में दुर्घटना से बचाव के सभी उपाय करें - कलेक्टर

### घाटों में संकेतक लगाकर लोगों को सचेत करें - कलेक्टर

रीवा ।



शहर के मध्य से बहने वाली बीहर नदी के घाटों में दुर्घटना से बचाव के उद्देश्य से संकेतक लगाकर लोगों को सचेत करें। साथ ही सभी चिन्हित 10 घाटों में दुर्घटना से बचाव के उपाय सुनिश्चित कराएं। उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नगर निगम के अधिकारियों को दिए। उन्होंने करहिया घाट का भ्रमण किया। इस दौरान आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन भी उपस्थित रहीं। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के दिनों में अक्सर नदी में लोग नहाने जाते हैं। नदी का प्रवाह अधिक होने व उसकी गहराई का अनुमान न होने से दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इसके लिए जरूरी है कि सभी घाटों में संकेतक लगाकर लोगों को सचेत किया जाए तथा गहराई की सीमा के लिए नदी में बांस लगा दें ताकि उस क्षेत्र से आगे लोग नहाने के लिए न जाएं। उन्होंने शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में नहरों में भी दुर्घटना से बचाव के सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जिला कमाण्डेंट होमगार्ड वीरेन्द्र सिंह जादौन भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल मार्को को मिली प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पुष्पराजगढ़ के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को को लोकसभा क्षेत्र खंडवा, रतलाम, धार में प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने इस आशय का पत्र पुष्पराजगढ़ विधायक को भेज कर शीघ्र ही संसदीय क्षेत्र खंडवा, रतलाम, धार में पहुंचकर लोकसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष से सम्पर्क एवं समन्वय करते हुए लोकसभा क्षेत्र खंडवा, रतलाम, धार के अधिकृत कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने में सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। अनूपपुर जिले के कांग्रेस जनों ने पुष्पराजगढ़ विधायक एवं शहडोल संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े फुंदेलाल सिंह मार्को को मिली नई जिम्मेदारी पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं एवं कहा कि उनके नेतृत्व में निश्चित ही कांग्रेस सफलता के पथ पर अग्रसर होगी।

### दो बेटियों को लेकर मायके जाने को निकली महिला हुई लापता

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत ठोढहा गांव में रहने वाली 26 वर्षीय महिला बुधवारिया बाई पनिका 26 वर्ष पति प्रेमलाल अपने ससुराल से दो बेटियों को साथ लेकर मायके जाने के लिए निकली और लापता होने का मामला सामने आया है महिला के पति प्रेमलाल द्वारा ससुराल में जाकर पत्नी बुधवारियां एवं बच्चों के बारे में पता करने पर भी कोई जानकारी नहीं लगी। जिसके बाद अन्य संभावित जगहों पर पता तलाश करने के बाद थाने में महिला एवं बच्चों की गुमशुदा की शिकायत दर्ज कराई गई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि बुधवारिया बाई अपनी बड़ी बेटी सावित्री 5 वर्ष एवं छोटी 2 वर्ष को साथ लेकर मायके पैरीचुआ जाने को लेकर घर से निकली थी इसके बाद वह मायके नहीं पहुंची पति प्रेमलाल द्वारा पता चलने पर वह पत्नी एवं बच्चों की तलाश जा जगह-जगह किए जाने के बाद न मिलने पर सास मुन्नीबाई के साथ थाना कोतमा में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस के द्वारा गुम इंसान दर्ज करते हुए सभी की तलाश में जुट गई है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर करेंगे सम्मानित

**अनूपपुर।** जिले में कक्षा 5वीं व 8वीं की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शासकीय शाला के विद्यार्थियों को जिले के कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक ने बताया है कि जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को 30 अप्रैल 2024 प्रातः 11 बजे उनके अभिभावको की उपस्थिति में नर्मदा सभागार कलेक्टेट परिसर अनूपपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। मेधावी छात्र-छात्राओं के उपस्थिति के संबंध में संबंधित संस्था प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं।

### मेकलसुता कॉलेज में करियर काउंसिलिंग का होगा आयोजन

**डिंडौरी।** मेकलसुता कॉलेज डिंडौरी में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए भविष्य की राह चुनने में विद्यार्थियों को मदद करने के उद्देश्य से 30 अप्रैल दिन मंगलवार को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक करियर कॉउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। इस कॉउंसलिंग कार्यक्रम के संयोजक उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री एस के द्विवेदी हैं, वहीं कार्यक्रम का सम्पूर्ण आयोजन मेकालसुता कॉलेज में प्राचार्य द्विवेदी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। करियर कॉउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को 12वीं के बाद अपनी पसंद के अनुसार कार्यक्षेत्र चुनने का अवसर प्राप्त होगा। जिसके लिए अलग अलग क्षेत्र के विशेषज्ञ अपने अनुभव विद्यार्थियों से साँझा करेंगे।

## जगह-जगह गंदगी और कचरे के अंबार से शहर बीमार

# अव्यवस्थित जिला मुख्यालय की नगर सरकार






**चौक-चौराहे से हटी सुंदरता, टूटे रेलिंग, गंदगी से भरे फव्वारे सड़कों पर लगे मलबों के ढेर, जिम्मेदार बने गैर जिम्मेदार**

जिला मुख्यालय होने के बावजूद अनूपपुर नगर पालिका प्रशासनिक व राजनीतिक अनदेखी का शिकार है। जिले के हर अधिकारी से लेकर राजनेता शहर की सड़कों से गुजरते हैं, लेकिन हालातों को सुधारने की तरफ ध्यान नहीं देते। खासकर शहर का सौन्दर्यीकरण चौपट हो चला है।

अनूपपुर।

नए कार्य तो दूर है जो निर्माण हो चुका है उसे भी ठीक रख-रखाव नहीं किया जा रहा है। अधिकारी शहरी क्षेत्र की तरफ अनदेखी किए बैठे हैं। विकास के नाम पर यहां हर तरफ लूट मची है। चाहे प्रशासन के लोग हों या फिर सत्तासीन दल के व्यक्ति, किसी ने भी जिला मुख्यालय का चरणबद्ध तरीके से विकास के योगदान मे अपनी महती भूमिका से किनारा किया है। यही कारण है कि जिला मुख्यालय की नगर पालिका होने के बावजूद यहां विकास की बेहतर किरण नही पहुंच पाई।

जिला मुख्यालय अनूपपुर की आबोहवा को गंदगी और कचरे ने शहर को बीमार कर रखा है। इसके पीछे सड़क पर जहां-तहां फैले कचरे के बीच सूअरों की धमा-चौकड़ी, असहनीय बदबू, सड़कों पर आवारा कुत्तों का आतंक इसके प्रमुख कारण हैं। बिना नक्शा पास कराए लोग आलीशान मकान बना रहे हैं। नाली, सड़क और जल निकासी हवा आदि का भी ख्याल नहीं रखा जा रहा है। शहर की सड़क और नालियों पर जहां मन किया, वहीं दुकान लगा कर अतिक्रमण कर लिया गया है। इतना ही नहीं, गांव की तरह सड़कों पर जहां-तहां वाहनों को पार्क किया जा रहा है। जिससे पूरा शहर जाम की समस्या से जुझता है।

### जिंदगी के साथ हो रहा खिलवाड़

जिला मुख्यालय अनूपपुर लगभग पांच किलोमीटर के दायरे में सिमटा हुआ है। इतना कम क्षेत्र होने के बावजूद यातायात व्यवस्था बदहाल है। दर्जनों पुलिसकर्मी व्यवस्था के लिए तैनात कर रखे हैं, लेकिन फिर भी कुछ जगह सदैव लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है, वहीं नगर पालिका शहर की सड़कों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने में नाकाम है। गंदगी व अवैध निर्माण बड़ी समस्या बन चुके हैं। पुलिस व परिवहन शहर के बीचों-बीच से अवैध वाहनों का संचालन रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। धड़ल्ले से वाहन चालक ओवर लोड सवारियां ढो रहे हैं। विद्यालयों में नियम विरुद्ध वाहनों का संचालन होने से बालकों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

### दुकान से ज्यादा सड़क पर व्यापार

शहर के बाजारों में कई जगह दुकानों से ज्यादा सामान तो व्यापारियों ने सड़क पर जमा रखा है। उन्हें ना किसी अधिकारी का डर है और ना ही व्यवस्थाओं की परवाह। कई जगह दुकानों के बाहर अतिक्रमण की समस्या ने राहगीरों के लिए परेशानी पैदा कर रखी है। इस संबंध मे कई बार नगरवासियों ने दुकानों के बाहर के अतिक्रमण को समाप्त करने की मांग की थी परंतु वह मांग सिर्फ वहीं तक सीमित हो रही गई।

### शादी घर से लेकर काम्प्लेक्स तक मे नही पार्किंग सुविधा

जिला मुख्यालय पर नगर पालिका की मिलीभगत से कई जगह व्यावसायिक कॉम्लेक्सों व शादी घर का नियम विरुद्ध निर्माण कर लिया गया है। अब ये कॉम्प्लेक्स व शादी घर शहर की सूरत में धब्बा बन रहे हैं, उनमें पार्किंग नहीं है। कलेक्ट्रेट रोड मे बने शादी घरों मे शादियों के समय लंबा जाम लग जाता है। वाहन बाहर सड़क पर खड़े रहने से मार्ग जाम रहता है। इसी प्रकार अमरकंटक तिराहे से जैतहरी रोड पर बने मैरिज गार्डन की भी यही हाल है। शौचालय व पानी निकास की व्यवस्था भी अधिकतर जगह नहीं है। कुछ दिनों पूर्व भी मैरिज गार्डन से निकले प्रदूषित भोजन को खाकर कई जानवरों की अकाल मृत्यु हो चुकी है। नगर पालिका प्रशासन के जिम्मेदारों व सत्तासीन पार्टी के लोगों से सांठ गांठ कर लोग सुंदरता पर ग्रहण लगाने पर आमादा हैं। जिसका जिम्मेदार नगर पालिका स्वयं है।

### नगर पालिका को नरक पालिका की दे रहे संज्ञा

बारिश कभी भी मेहरबान हो सकती है, लेकिन सफाई व्यवस्था को लेकर पालिका प्रशासन बेपरवाह है। नगर की सफाई व्यवस्था तार-तार हो गई है। हर गली-मुहल्ले में बजबजाती नालियां व कूड़ों के अंबार से लोग नगर पालिका को नरक पालिका की संज्ञा देने लगे हैं। मार्गों में इस कदर गंदगी है कि लोगों का निकलना दूभर है। नगर के चौराहे मुख्यमार्ग व गलियां गंदगी से पटी पड़ी हैं। अभी तक नगर पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। बजबजाती नालियों की सड़ांध भरी गंदगी से संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं।

### सुंदरता को तार-तार करते जिम्मेदार

नगर पालिका के बिलकुल बाजू से लगा थाना चौराहा के पास नपा ने फव्वारा लगवाया था जो कुछ ही दिनों मे गायब हो गया अब वहां सिर्फ फव्वारे के अवशेष देखने को मिल रहे हैं जबकि सुंदरता के लिए लगाये गये फव्वारे अब लापता हैं दूसरी ओर इंदिरा तिराहा मे भी इंदिरा गांधी की मूर्ति के चारो ओर की गई बैरीकेटिंग भी नाम मात्र की रह गई है यहां न तो व्यवस्थित बैरीकेटिंग है और न ही मूर्ति को बचाने किसी तरह के जतन किये गये हैं। इंदिरा गांधी की मूर्ति के चारो तरफ लगाये गये रेलिंग को कुछ माह पूर्व एक वाहन ने तोड़ दिया था, लेकिन जानकारी के बावजूद भी नगर पालिका ने इस मामले मे कोई कार्यवाही नही की और न ही रेलिंग को दोबारा व्यवस्थित करने की जहमत उठाई। वहां लगाई गई रेलिंग को कबाड़ियों ने अपना शिकार बनाकर आधी रेलिंग चुरा कर ले गये वही कुछ दिन पहले ही अराजक तत्व ने इंदिरा गांधी की मूर्ति से छेड़छाड़ की थी। इसी तरह अमरकंटक चौराहे मे भी सुंदरता के नाम पर कुछ भी नही है।

### इनका कहना है

आपके द्वारा बताये गये सभी समस्याओं का परीक्षण कराकर उचित निदान कराया जायेगा।

**शिवांगी सिंह बघेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद अनूपपुर**

## दो दिन पूर्व मृत मिले अज्ञात वृद्ध के शव की हुई पहचान

# शादी में सम्मिलित होने आये वृद्ध की मौत

अनूपपुर।

दो दिन पूर्व शनिवार की शाम अनूपपुर नगर की वार्ड क्रमांक 14 केडिया पेट्रोल पंप के पास अज्ञात कारणों से मृत मिले वृद्ध की दो दिन बाद पहचान हो सकी मृतक छत्तीसगढ़ राज्य निवासी जो शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए आया था। सोमवार को अनूपपुर जिला अस्पताल पुलिस ने परिजनों की उपस्थिति में कार्यवाही की। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के पेंड्रा थाना अंतर्गत बचरवार गांव के निवासी 50 वर्षीय प्रेमलाल राठौर पिता आशाराम राठौर विगत दिनों अनूपपुर के पुरानी बस्ती में आयोजित एक शादी समारोह में सम्मिलित होने बाद रात को



कोतवाली थाना अनूपपुर के बैरीबांध गांव में अपने साढू भाई रामसेवक राठौर के यहां रात रुक कर शनिवार के दिन घर वापस जाने के लिए अकेले अनूपपुर आया था। जिनकी अज्ञात कारणों से वार्ड नंबर 14 केडिया पेट्रोल पंप के पास एक दुकान के टीन सेट के नीचे फर्श में मृत होने पर नागरिकों द्वारा दिए गए सूचना के आधार पर हंड्रेड डायल पुलिस द्वारा मृतक के शव को जिला अस्पताल के पी.एम.वार्ड शव फ्रीजर में सुरक्षित रखाते हुए अज्ञात मृतक की पहचान करने का प्रयास किया। इस बीच रविवार की देर शाम बैरीबांध गांव के रामसेवक राठौर जो मृतक का साढू भाई है जिसको सूचना मिलने पर मृतक के शव, फोटोग्राफ एवं समाज कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल द्वारा व्हाट्सएप में भेजे गए समाचार एवं फोटोग्राफ को देखते हुए पहचान की जिसकी जानकारी मृतक के परिजनों को दिए जाने पर सोमवार की सुबह परिजनों के जिला अस्पताल पहुंचने पर पुलिस द्वारा मृत बृद्ध के शव का पंचनामा एवं गवाहों के बयान दर्ज कर ड्यूटी डॉक्टर से शव परीक्षण कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु मृतक के शव को परिजनों को सौपा। मृतक की अज्ञात कारणों से मौत हुई जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

# जिला अधिवक्ता कक्ष में नेशनल लोक अदालत की तैयारी बैठक संपन्न

अनूपपुर।



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 11 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह के निर्देशन पर जिला अधिवक्ता कक्ष में 29.04.2024 को बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह ने अपने विचार रखते हुये कहा कि नेशनल लोक अदालत न्याय क्षेत्र की उपयोगी अवधारणा है, जिसके जरिये अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण पर बार एवं बेंच का जोर होना चाहिए। उन्होने 11 मई की नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए हर सम्भव सहयोग करने की अपील अधिवक्ताओं से की। इस दौरान लोक अदालत प्रभारी अधिकारी व प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवाल ने कहा कि पूर्व की तरह इस बार भी पर्याप्त सहयोग करते हुए लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों का निपटारा कराने में अधिवक्ताओं को अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता संतोष सिंह परिहार ने नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान लोक अदालत के संबंध में आवश्यक सुझाव भी रखे गये। बैठक के दौरान विधि व्यवसाय के 55 वर्ष पूर्ण करने वाले वयोवृद्ध अधिवक्ता प्रेमनारायण शर्मा का फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये आत्मीय शुभकामनांए प्रेषित की गयी। बैठक के अंत में अधिवक्ता संघ के सचिव रामकुमार राठौर ने बैठक में आये सभी न्यायाधीशगण व अधिवक्ताओं के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# पति पत्नी के बीच हुये विवाद के बाद पति ने लगाई फांसी

## कृषि विभाग में कार्यरत था मृतक, पुलिस जुटी जांच में

अनूपपुर।

कोतवाली थाना एवं अनूपपुर के वार्ड नंबर 3 पीएचई ऑफिस के पास एक किराए के मकान में रह रहे कृषि विभाग अनूपपुर के आत्मा परियोजना में कार्यरत संविदा लेखपाल ने फांसी लगा ली। मृतक की पत्नी से एक दिन पूर्व वाद-विवाद के कारण अपने भाई के साथ मायके चली गई थी। सोमवार की सुबह मकान मालिक की सूचना पर हंड्रेड डायल पुलिस के साथ कोतवाली थाना अनूपपूर पुलिस घटना स्तल पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा कर जिला चिकित्सालय के ड्यूटी डॉक्टर से पीएम कराने बाद शव के अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप कर जांच प्रारंभ की है। घटना की जानकारी मिलने पर कृषि विभाग के अधिकारी एवं स्टाफ भी घटना स्थल पर पहुंचा था। घटना के संबंध में प्रारंभिक तौर पर



मिली जानकारी के अनुसार कृषि विभाग अनूपपुर के आत्मा परियोजना में संविदा लेखापाल के पद पर पदस्थ 36 वर्षीय मुकेश पिता स्व. सतानंद सोंधिया निवासी कोतमा कालरी थाना भालूमाड़ा का स्थाई निवासी है जो अनूपपुर में पदस्थ होने के बाद से विगत तीन-चार वर्षो से अनूपपुर नगर के वार्ड क्रमांक 3 पीएचई ऑफिस के पास सुखेंद्र राठौर के मकान में किराए से लेकर ऊपर वाले कमरे में पत्नी एवं परिवार के साथ रहते थ। 28 अप्रैल को संभवतः पति-पत्नी के मध्य वाद-विवाद के कारण पत्नी अपने भाई को बुलाकर अपने मायके बुढार चली गई थी जिसके बाद रात 8 बजे के मध्य तक मुकेश आसपास ही रहा। सोमवार की सुबह मुकेश के न दिखने पर मकान मालिक के परिजनों द्वारा देखा गया तो मुकेश अपने कमरे में सीलिंग फैन से साड़ी से गर्दन में फांसी लगाकर लटका हुआ है जिसकी सूचना हंड्रेड डायल पुलिस को मिलने पर आरक्षक कपिल सोलंकी, पायलट जितेंद्र यादव तत्काल मौके पर पहुंचे बाद में सूचना मिलने पर कोतवाली थाना अनूपपुर में निरीक्षक अरविंद जैन, सहायक उप निरीक्षक मंगला दुबे, आरएन तिवारी, प्रधान आरक्षक राजकुमार साहू घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को फांसी से उतरवा कर पंचनामा की कार्यवाही करते हुए जिला अस्पताल के शव वाहन से जिला अस्पताल लाकर ड्यूटी डॉक्टर से शव परीक्षण कराने बाद मृतक की शव का अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप कर जांच प्रारंभ की। घटना की जानकारी पर उप संचालक कृषि एनडी गुप्ता विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया मृतक की पत्नी गंगा सोंधिया शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में उच्च श्रेणी शिक्षक के पद पर पदस्थ है।



### घरेलू सिलेंडर का दुरुपयोग करते पाए जाने पर दो प्रतिष्ठानो पर हुई कार्यवाही

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार आज घरेलू उपयोग के स्च्ळ सिलेंडरो का दुरुपयोग करते पाए जाने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश तुरकर एवं नितिन जायसवाल द्वारा बस स्टेंड डिंडोरी स्थित मोले भोजनालय से 1 सिलेंडर तथा सूबखार स्थित ओम साई चाइनीज से 1 सिलेंडर जब्त कर द्रवीकृत पेट्रोलियम प्रदाय वितरण विनियमन आदेश 2000 के तहत कार्यवाही की गई स जब्त सिलेंडरो को डिंडोरी एजेंसी को सुपुर्द किया गया।

### कलेक्टर ने जनपद पंचायत मेहंदवानी में अधिकारियों की ली बैठक

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने जनपद पंचायत मेहंदवानी में जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में राजस्व के प्रचलित कार्यों पर चर्चा करते हुए लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। विकासखंड अधिकारियों के साथ बैठक लेकर जनपद स्तर पर प्रचलित कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी लंबित कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने पेसा मोबिलाइजरों को प्रचलित कार्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सभी को जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए प्राथमिकता निर्धारित कर कार्यों को करना है। जिनमें पेसा के तहत शिक्षाए स्वास्थ्यए रोजगार आदि प्रमुख कार्य हो। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ब्लॉक मुख्यालय पर कैरियर काउंसलिंग केंद्र बनाकर बच्चों की अभिक्षमता को समझें और उसी अनुसार उनका मार्गदर्शन कर भविष्य की नीति बनाये। पंचायत स्तर पर खेल मैदान के लिए आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि गांव के लोगों की प्राथमिकता को समझें।

# स्वास्थ्य और महिला आत्मनिर्भर पर कार्य कर रहा प्रकल्प, पदाधिकारियों ने दी जानकारी

डिंडौरी

रविवार को स्थानीय ईमली कुटी परिसर में एकल आरोग्य प्रकल्प पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया।इस दौरान बतलाया गया कि प्रकल्प द्वारा देश के 15 राज्यों में योजना अनुरूप कार्य चल रहा हैए जिसके माध्यम से बनवासी क्षेत्रों में टेलीमेडीशन के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है और महिलाओं को ऐनीमिया एवं बच्चों का कुषोषण से बचाव किया रहा है।अभियान के तहत गांव की प्रशिक्षत महिला हेल्थ



ऐप के माध्यम से ग्रामीणो के स्वास्थ्य की जांच करती हैं और एप में दर्ज करती हैं।जिसके बाद मोबाइल के जरिये डॉक्टरों से सम्पर्क करके उपचार किया जाता है।जो कारगर साबित हो रहा है। बतलाया गया है कि एकल आरोग्य प्रकल्प स्वास्थ लाभ के साथ साथए स्वच्छताए पोषणए और महिलाओं के अर्थिक और स्वावलंबन कि दिशा में भी कार्य कर रहा है।इस दौरान डाण वाणी अहलुवालिया केन्द्रीय सचिव एकल आरोग्य प्रकल्पएनरबदिया मरकामएडॉ देवेन्द्र मरकाम संभाग आरोग्य शिक्षा प्रभारी, संतोष द्विवेदी संभाग आरोग्य प्रकल्प प्रमुख महाकौशलए मनोहर नन्देहा अंचल एकल अभियान प्रमुखएअरविंद लोधी संकूल कॉर्डिनेटरए शिवकली धुर्वे डिंडौरी कोडिनेटर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने मेहंदवानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरिक्षण किया और स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक ली। उन्होंने केंद्र में संचालित स्वास्थ्य गतिविधियों और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने मलेरिया, टीबी, मौसमी बीमारी आदि की जानकारी ली। उन्होंने लोगों को मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों का समय पर उचित उपचार करने, लोगों को बीमारी लक्षण और बचाव के प्रति जागरूक करने को कहा है। स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित प्रसव के लिए विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रेवा स्वास्थ्य कैंप की समीक्षा करते हुए,कैंप से लाभान्वित लोगों की जानकारी ली। कलेक्टर ने टीकाकरण के कार्यों में लक्ष्य पूर्ति करने के लिए गति लाने के निर्देश दिए और महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय कर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें सुपोषित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।